भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †2951**

उत्तर देने की तारीख- 12/12/2024

**जनजातीय उत्पादों को बढ़ावा**

†2951. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में विशेषकर ओडिशा के लिए विशेषकर कंधमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जनजातीय उत्पादों की बिक्री और विपणन को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने जनजातीय समुदायों के लिए उचित मूल्य निर्धारण और बाजार पहुंच सुनिश्चित करते हुए ऑर्गेनिक और हस्तशिल्प वस्तुओं सहित जनजातीय उत्पादों की मूल्य श्रृंखला में वृद्धि करने के लिए हाल ही में कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) जनजातीय कारीगरों और उत्पादकों के उत्पादों की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार जनजातीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाने के लिए जनजातीय उत्पादकों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) या कॉर्पोरेट भागीदारों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) ओडिशा के जनजातीय समुदायों की आजीविका और सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर इन प्रयासों का क्या प्रभाव पड़ा है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) से (ग):** जनजातीय कार्य मंत्रालय अपनी एजेंसी अर्थात भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) के माध्यम से 'प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन' (पीएमजेवीएम) योजना का क्रियान्वयन कर रहा है, जिसके तहत ट्राइफेड ऑर्गेनिक (जैविक) और हस्तशिल्प वस्तुओं सहित जनजातीय उत्पादों की खरीद के लिए जनजातीय कारीगरों/आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध करके बैकवर्ड लिंकेज (संपर्क) प्रदान करता है और इन उत्पादों को Amazon.com (आमेजन.कॉम), Flipkart.com(फ्लिपकार्ट.कॉम), Paytm (पेटीएम), Snapdeal.com (स्नैपडील.कॉम) और GeM (जीईएम) जैसे अन्य ई-मार्केटिंग चैनलों के अलावा अपने 'ट्राइब्स इंडिया' आउटलेट्स और ई-कॉमर्स पोर्टल 'tribesindia.com (ट्राईब्सइंडिया.कॉम)' के माध्यम से बाजार में इन उत्पादों की बिक्री के जरिए फारवर्ड लिंकेज (संपर्क) प्रदान करता है। अब तक, ट्राइफेड ने इस उद्देश्य के लिए 4990 जनजातीय कारीगरों/आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध किया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान जनजातीय समुदायों से ट्राइफेड द्वारा की गई खरीद और बिक्री का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | वर्ष | खरीद (लाख रुपए में) | बिक्री (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2021-2022 | 2900.33 | 4342.32 |
| 2 | 2022-2023 | 1520.31 | 3574.09 |
| 3 | 2023-2024 | 1804.16 | 3607.22 |

इसके अतिरिक्त, ट्राइफेड जनजातीय कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने तथा उन्हें संभावित खरीददारों से जोड़ने के लिए मंच प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उत्सवों, मेलों आदि का आयोजन करता है तथा उनमें भाग लेता है, जिससे उन्हें अपनी उद्यमशीलता गतिविधियों को बढ़ाने का अवसर मिलता है।

**(घ) से (ङ):** पीएमजेवीएम योजना के तहत मंत्रालय एमएफपी और गैर-एमएफपी की मूल्य संवर्धन गतिविधियों के लिए वन धन विकास केंद्र (वीडीवीके) की स्थापना के लिए ट्राइफेड को निधियां भी प्रदान करता है। अब तक, ओडिशा राज्य में 2479.25 लाख रुपये की राशि के 173 वीडीवीके स्वीकृत किए गए हैं, जिसका लगभग 50,000 जनजातीय लाभार्थियों पर असर पड़ेगा। ओडिशा के कंधमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के एक वीडीवीके ने क्षेत्र से हल्दी की आपूर्ति के लिए एक कॉर्पोरेट एजेंसी के साथ साझेदारी की है।

*****